# जागेश्वरनाथ धाम कॉरीडोर

## चर्चा में क्यों?

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दमोह ज़िले स्थित **देवश्री जागेश्वरनाथ मंदिर** की **कॉरिडोर परियोजना** का शिलान्यास किया।

## मुख्य बिंदु

- **कॉरिडोर निर्माण के बारे में:**
  - यह कॉरिडोर देवश्री जागेश्वरनाथ मंदिर को एक **राष्ट्रीय स्तर के धार्मिक पर्यटन स्थल** में परिवर्तित करेगा।
  - इस कॉरिडोर निर्माण की कुल प्रस्तावित लागत **100 करोड़ रुपए** है। प्रथम चरण में **10 करोड़ रुपए** की लागत से निर्माण कार्य आरम्भ किया गया है।
  - प्रस्तावित कॉरिडोर में **संस्कृत विद्यालय** तथा **12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतिकृतियाँ** शामिल होंगी। यह मंदिर को एक **आध्यात्मिक-सांस्कृतिक परिसर** का रूप देगा।
  - इस कॉरिडोर के निर्माण से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे दमोह ज़िला एवं संपूर्ण बुंदेलखंड क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान सशक्त होगी। साथ ही वाणिज्य एवं सेवाओं से जुड़े **स्थानीय लोगों को रोज़गार** के अवसर प्राप्त होंगे।
- **जागेश्वरनाथ मंदिर**
  - जागेश्वरनाथ धाम मध्य प्रदेश के **दमोह ज़िले** के **बांदकपुर** गाँव में स्थित है।
  - मंदिर का निर्माण **दीवान बालाजी राव चंदोरकर** ने वर्ष **1711** में करवाया था।
  - इस मंदिर में स्थित **शिवलिंग** को **स्वयंभू** माना जाता है, जो अनादि काल से यहाँ विराजमान है।
  - यह शिवलिंग **चमत्कारी** और श्रद्धालुओं के लिये विशेष आस्था का केंद्र है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jageshwarnath-dham-corridor